C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 17 | बिजौलिया - बुधवार,12 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## निकाय-पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस में गुटबाजी तेज, बाड़मेर-अजमेर के नेताओं ने डोटासरा से की शिकायत

### बाड़मेर में मेवाराम जैन ने हरीश चौधरी पर लगाए मनमानी और गुटबाजी के आरोप, अजमेर में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय जैन बोले- एक व्यक्ति की वजह से बिगड़ रहा पूरा सिस्टम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में आगामी शहरी निकायों और पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। संगठन को चुनावी मैदान में एकजुट करने की कोशिशों के बीच बाड़मेर और अजमेर के कांग्रेस नेताओं ने जयपुर पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने अपने-अपने जिलों में चल रही गुटबाजी और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा उठाया। दोनों जिलों से पहुंचे नेताओं ने पार्टी के भीतर प्रभाव रखने वाले नेताओं पर मनमानी करने और संगठन को कमजोर करने के आरोप लगाए।






बाड़मेर से पूर्व विधायक मेवाराम जैन के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा से मुलाकात कर बायतू विधायक एवं कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। मेवाराम जैन ने आरोप लगाया कि बाड़मेर में लंबे समय से गुटबाजी का माहौल बना हुआ है और कुछ नेताओं की मनमानी के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच दूरी बढ़ रही है। उन्होंने डोटासरा से इस खींचतान को खत्म कर संगठन को एकजुट करने की मांग की।

**हरीश चौधरी और मेवाराम खेमे में लंबे समय से टकराव**

बाड़मेर कांग्रेस में मेवाराम जैन और हरीश चौधरी के खेमों के बीच लंबे समय से राजनीतिक खींचतान की चर्चा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान मेवाराम जैन कांग्रेस से बाहर रहे थे। बाद में हाईकमान के निर्णय के बाद उनकी कांग्रेस में वापसी हुई। अब आगामी निकाय और पंचायतीराज चुनावों से पहले दोनों पक्षों के बीच संगठनात्मक स्तर पर चल रही खींचतान फिर चर्चा में आ गई है।

मेवाराम जैन ने कहा कि कार्यकर्ताओं की चिंता इस बात को लेकर है कि कांग्रेस को दोबारा मजबूत कैसे किया जाए और आपसी गुटबाजी को किस तरह खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि बाड़मेर में गुटबाजी काफी है और इसे खत्म कर कांग्रेस को एकजुट करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि गुटबाजी करने वाले व्यक्ति का नाम प्रदेशाध्यक्ष को बता दिया गया है।

**'जो हुआ, उसे भूलकर संगठन को मजबूत करें'**

मेवाराम जैन ने कहा कि पिछले समय में पार्टी के भीतर जो कुछ हुआ, उसे अब पीछे छोड़ने की जरूरत है। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मिलकर कांग्रेस को मजबूत करना चाहिए। उनका कहना था कि पार्टी में जितनी भी गुटबाजी है, उसे खत्म किया जाना चाहिए, ताकि आने वाले चुनावों में कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान में उतर सकें।

**अजमेर में भी 'एक व्यक्ति' को लेकर शिकायत**

इसी तरह अजमेर से पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय जैन और उनके समर्थकों ने भी डोटासरा से मुलाकात कर जिले में संगठन की स्थिति को लेकर शिकायत की। नेताओं ने आरोप लगाया कि अजमेर में पार्टी के कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में कई पुराने एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पर गुटबाजी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

हालांकि मीडिया से बातचीत के दौरान नेताओं ने किसी का नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिया, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष के सामने हुई बैठक में संबंधित व्यक्ति का नाम लेकर शिकायत किए जाने की बात कही।

**'एक व्यक्ति की वजह से पूरा सिस्टम बिगड़ गया'**

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि अजमेर में जिन लोगों को उपेक्षित किया जा रहा है, उन्होंने अपनी बात प्रदेशाध्यक्ष के सामने रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है और एक व्यक्ति की वजह से पूरा संगठनात्मक सिस्टम प्रभावित हो रहा है।

विजय जैन ने कहा कि अजमेर की राजनीति में बाहर का एक व्यक्ति आकर दखल दे रहा है और इससे पार्टी में खराबी पैदा हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे स्तर के कुछ नेता व्यक्तिगत फायदे के लिए पार्टी को तोड़ने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों की शिकायत लेकर वे प्रदेशाध्यक्ष के पास पहुंचे हैं।

**डोटासरा बोले- छोटी-मोटी दिक्कतें, बैठकर करेंगे समाधान**

दोनों जिलों के नेताओं की शिकायतों के बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी संगठन के भीतर गुटबाजी और आपसी मतभेद होने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि कुछ छोटी-मोटी बातें संगठन और नेताओं के बीच हैं, जिन्हें सभी लोग बैठकर बातचीत के जरिए ठीक कर लेंगे। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस एकजुट है और पार्टी के भीतर की समस्याओं का समाधान बातचीत से किया जाएगा।

डोटासरा ने बाड़मेर को लेकर कहा कि लोकसभा चुनाव के समय किसी कारण से मेवाराम जैन कांग्रेस में नहीं थे। बाद में हाईकमान ने निर्णय लिया और उन्हें कांग्रेस में वापस लाया गया। उन्होंने कहा कि बाड़मेर में जो भी दिक्कतें हैं, उन्हें बातचीत के जरिए दूर किया जाएगा।

अजमेर को लेकर डोटासरा ने माना कि शहर कांग्रेस में भी थोड़ी बहुत दिक्कत है। उन्होंने कहा कि वहां भी सभी संबंधित लोगों को बैठाकर बातचीत की जाएगी और संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

**चुनाव से पहले संगठन के सामने बड़ी चुनौती**

निकाय और पंचायतीराज चुनावों से पहले बाड़मेर और अजमेर में सामने आई यह खींचतान कांग्रेस के लिए संगठनात्मक चुनौती मानी जा रही है। चुनावों में स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं की एकजुटता अहम भूमिका निभाएगी। ऐसे में प्रदेश नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती अलग-अलग खेमों को एक मंच पर लाने और नाराज कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की होगी। प्रदेशाध्यक्ष की ओर से दोनों जिलों में बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने का संकेत दिया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में नहीं हो लापरवाही : कलेक्टर

### समारोह स्थल पर सफाई, सजावट, लाइटिंग से लेकर परेड व सुरक्षा व्यवस्था तक की समीक्षा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित करने के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव और स्वाभिमान का पर्व है। समारोह स्थल पर साफ-सफाई, साज-सज्जा, आकर्षक लाइटिंग, रंग-रोगन, पेयजल और विद्युत व्यवस्था समय से पूरी की जाए। अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्धारित समय से पहले समारोह स्थल पर पहुंचकर अपने दायित्व संभालने के निर्देश दिए।

**परेड और देशभक्ति कार्यक्रमों पर जोर**

बैठक में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड सहित विभिन्न दलों की परेड और रिहर्सल की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने परेड की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी कराने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति की झलक दिखाने पर जोर दिया।

**14 अगस्त के कार्यक्रम की भी तैयारी**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। समारोह में मंच, बैठक, चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, सुरक्षा, पार्किंग और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी तैयारियों की पूर्व में जांच कर ली जाए, ताकि समारोह के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, यूआईटी ओएसडी पुनीत गेलरा, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश ने खोल दी गोपालपुरा की सड़कों की पोल

### जलभराव और कीचड़ से रास्ते बेहाल, स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की बढ़ी परेशानी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** बारिश के बाद गोपालपुरा गांव की सड़कें ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई हैं। जगह-जगह जमा पानी और फैले कीचड़ ने गांव के रास्तों की तस्वीर बदल दी है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।

बारिश का पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर जमा है। पानी के साथ मिट्टी मिलकर कीचड़ में बदल गई है। कई रास्ते फिसलन भरे होने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार छोटे-मोटे हादसे भी सामने आ रहे हैं।

**स्कूल जाने वाले बच्चों की राह सबसे कठिन**

गांव के कई रास्तों से होकर स्कूली बच्चों को रोजाना गुजरना पड़ता है। जलभराव और कीचड़ के कारण बच्चों को गंदे पानी के बीच से निकलना पड़ रहा है। बारिश के दौरान अभिभावकों की चिंता भी बढ़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या केवल बारिश तक सीमित नहीं है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पानी कई दिनों तक जमा रहता है, जिससे सड़कें लगातार खराब होती जा रही हैं।

**शिकायतों के बाद भी नहीं बदले हालात**

ग्रामीणों के अनुसार जलभराव और खराब सड़कों की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई बार जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के साथ जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था कराने की मांग की है।

## सरकार की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर किया हवनः गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, कलेक्ट्रेट तक किया पैदल मार्च

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर भीलवाड़ा शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया और आहुतियां देकर सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग उठाई।




यह कार्यक्रम पूर्व राज्य मंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत किया गया। कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ पैदल मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और यज्ञ में आहुतियां दीं।

इस दौरान जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। भारतीय समाज में गाय को सदैव माता के समान सम्मान और श्रद्धा दी गई है। करोड़ों भारतीयों की आस्था और भावनाएं गौ माता से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व तथा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उसे राष्ट्रमाता घोषित करने की दिशा में संवैधानिक एवं वैधानिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम उर्फ जीपी खटीक ने कहा कि धीरज गुर्जर के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और सद्बुद्धि यज्ञ में आहुतियां दीं।

उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से भगवान से प्रार्थना की गई कि सरकार को गौ माता के सम्मान में उचित निर्णय लेने की सद्बुद्धि मिले और उसे राष्ट्रमाता घोषित करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

# एसडीओ कोर्ट का अधिवक्ताओं ने किया अनिश्चितकालीन बहिष्कार

**व्यवहार व कार्यशैली से नाराज अभिभाषक परिषद ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय**



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी** । उपखंड अधिकारी न्यायालय की कार्यप्रणाली को लेकर बिजौलिया के अधिवक्ताओं में नाराजगी सामने आई है। अभिभाषक परिषद ने मंगलवार को साधारण सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर एसडीओ न्यायालय के न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार शुरू कर दिया।

परिषद की ओर से एसडीओ को भेजे पत्र में उनके व्यवहार, कार्यशैली और न्यायालय में विधि-विरुद्ध कार्य किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। परिषद महासचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि बहिष्कार के दौरान अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में किसी भी पत्रावली में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किए जाने की मांग की गई है। परिषद ने बहिष्कार की सूचना जिला कलेक्टर और राजस्व मंडल अजमेर को भी भेजी है। अधिवक्ताओं के इस निर्णय से एसडीओ न्यायालय में लंबित मामलों की सुनवाई और पक्षकारों के कार्य प्रभावित होने की संभावना है ।

# नई पीढ़ी में माता-पिता की उपेक्षा गंभीर चिंता का विषय : युवाचार्य महेंद्र ऋषि



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शांति भवन में चातुर्मास कर रहे श्रमण संघ के युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज ने कहा कि माता-पिता बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर उनका भविष्य संवारते हैं, लेकिन नौकरी या विदेश जाने के बाद कुछ युवाओं द्वारा माता-पिता की उपेक्षा करना गंभीर सामाजिक चिंता का विषय है। समाज में बढ़ती ऐसी प्रवृत्तियों और कुरीतियों पर सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना चाहिए।

युवाचार्य से चातुर्मास दर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। युवाचार्य ने संगठनों से संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विहिप क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय ने बताया कि संगठन की ओर से पिछले चार वर्षों से कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से नई, वर्तमान और पुरानी पीढ़ी के बीच बेहतर तालमेल के लिए गांव-गांव और नगर-नगर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान चातुर्मास आयोजन समिति एवं शांति भवन समिति के पदाधिकारियों ने विहिप प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

# बिजौलिया को मिला नया एसडीएम, आरएएस छोटू लाल शर्मा की हुई नियुक्ति

**कार्मिक विभाग ने जारी की 183 आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची, रिक्त चल रहा था उपखंड अधिकारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



उपखंड अधिकारी के रिक्त चल रहे पद पर अब आरएएस अधिकारी छोटू लाल शर्मा की नियुक्ति की गई है। कार्मिक विभाग की ओर से मंगलवार को जारी की गई 183 आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची में शर्मा का स्थानांतरण बिजौलिया उपखंड अधिकारी के पद पर किया गया है।

छोटू लाल शर्मा वर्तमान में उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, बारां के पद पर पदस्थापित थे। विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश के बाद उन्हें अब बिजौलिया उपखंड अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिजौलिया में एसडीएम का पद रिक्त होने से प्रशासनिक कार्यों को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नए एसडीएम की नियुक्ति से क्षेत्र में लंबित प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। शर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद उपखंड क्षेत्र में राजस्व, कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न प्रशासनिक मामलों के निस्तारण में गति आने की संभावना है।

# होटल के पास लावारिस खड़ा था ट्रेलर, तिरपाल हटाया तो निकली शराब की बड़ी खेप

**एनएच-48 पर पुलिस की कार्रवाई, 1379 पेटी अलग-अलग ब्रांड की शराब बरामद; ट्रेलर छोड़ने वाले और सप्लाई के ठिकाने की तलाश**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर रूपेली भट्टे के पास सोमवार रात से लावारिस खड़े ट्रेलर ने मंगलवार को पुलिस की कार्रवाई के बाद शराब तस्करी के बड़े मामले का खुलासा कर दिया। श्रीरामदेव होटल के पास लंबे समय से खड़े ट्रेलर में किसी व्यक्ति की आवाजाही नहीं होने पर होटल संचालक को शक हुआ। सूचना पर पहुंची गुलाबपुरा थाना पुलिस ने जब ट्रेलर की जांच की तो तिरपाल के नीचे शराब की पेटियां देखकर पुलिस के भी होश उड़ गए।

पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर उसमें भरी शराब की पेटियां बाहर निकलवाई। शुरुआती गिनती में 1379 पेटी अलग-अलग ब्रांड की शराब बरामद होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार खेप में विभिन्न ब्रांड की शराब और अलग-अलग मात्रा की बोतलें शामिल हैं। बरामद शराब की पूरी गणना और दस्तावेजी कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर सोमवार रात से होटल के नजदीक खड़ा था। काफी समय गुजरने के बाद भी ट्रेलर के आसपास कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा। इस पर होटल संचालक को वाहन को लेकर संदेह हुआ और उसने मामले की सूचना गुलाबपुरा थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्रेलर की जांच की। ट्रेलर को खोलने पर अंदर तिरपाल से ढकी पेटियां मिलीं। पुलिस ने जब तिरपाल हटाया तो बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसके बाद ट्रेलर को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शराब की पेटियां नीचे उतरवाने और गिनती की कार्रवाई शुरू की।

**कहां से आई और कहां जानी थी, जांच जारी**

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक कार्रवाई में 1379 पेटी शराब बरामद की गई है। शराब अलग-अलग ब्रांड और मात्रा की है। ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ट्रेलर को कौन यहां छोड़कर गया था, शराब की खेप कहां से लाई गई और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। मामले में आबकारी नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गो माता राष्ट्र माता के संकल्प को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने गो संरक्षण एवं गोवंश के हित में ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

इस दौरान कोटड़ी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सुवालका, कोटड़ी कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य तथा कोटड़ी जीएसएस अध्यक्ष नरपत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए अपना संकल्प दोहराया और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष धार्मिक एवं सामाजिक महत्व है। गोवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गो माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने की दिशा में सरकार आवश्यक कदम उठाए।




इस अवसर पर शंकर गुर्जर, भगवती लाल गुर्जर, दीपक टेलर, ओम सोनी, दिलीप सिंह, तेजमल माली, महेंद्र टेलर, बलवंत कुमार भट्ट, संपत सुथार, रामलाल गुर्जर, नारायण सिंह, रामेश्वर पटेल, अनवर मेवाती, पंडित मोहित, लखन तेली, मोहम्मद उस्ता, मुल चन्द माली, निलेश आचार्य, जवान सिंह, राधेश्याम, भंवर सिंह, समुद्र गुर्जर, जगदीश, देव, जयपाल, पुखराज आचार्य, मुकेश आचार्य, दुर्गालाल आचार्य, शंभू तेली, राजेंद्र, राधेश्याम गुर्जर एवं एडवोकेट शिव प्रकाश भट्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'गो माता राष्ट्र माता' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# वाल्मीकि समाज की मांगों को लेकर कांग्रेस ब्रिगेड ने खोला मोर्चा,सफाई भर्ती में प्राथमिकता, लॉटरी की जगह इंटरव्यू और संविदा प्रथा खत्म करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

वाल्मीकि समाज की विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र (कुणाल) गोरण के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे और समाज के अधिकारों तथा सम्मान से जुड़े मुद्दों पर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

नगर अध्यक्ष गोरण ने कहा कि वाल्मीकि समाज लंबे समय से सफाई एवं संबंधित भर्तियों में अपने उचित अधिकार और प्राथमिकता की मांग करता आ रहा है। उन्होंने सरकार से भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर




समाज के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से सफाई एवं संबंधित भर्ती प्रक्रियाओं में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने, संविदा भर्ती व्यवस्था समाप्त कर स्थायी सीधी भर्ती करने, अनुभव प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता खत्म करने तथा लॉटरी सिस्टम के स्थान पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया अपनाने की मांग की गई। इसके अलावा कर्मचारियों और अभ्यर्थियों के वेतन में बढ़ोतरी कर सम्मानजनक मानदेय देने की भी मांग उठाई गई।

गोरण ने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार ने इन मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड वाल्मीकि समाज के हक और अधिकारों के लिए आंदोलन तेज करेगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश देसाई, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण लोट, बबलू गोरण, रामलाल गोयर, मुरली गोरण, भगवती लाल लोट, अमरचंद गारू, कान्हा सिंगोलिया, विक्रम चन्नाल, नवनीत चन्नाल, मानसिंह आर्या, अविनाश गोरण, अजय आर्य, सुशील नकवाल, शिव घावरी, निखिल खोखर, गोविन्द चन्नाल, विजेश गेंगट, बल्लू बरेसा, शंकर चन्नाल, रोहित गोरण, शंकर कचोटिया, विवेक देसाई, अंकित खोखर, राहुल अटवाल, रोहित आदिवाल, अभिषेक गारू सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भक्ति से प्रीत के बिना नहीं हो सकता परमात्मा का साक्षात्कार : आचार्य रामदयालजी

**संसार की बजाय संसार बनाने वाले पर ध्यान देने का संदेश, माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में चातुर्मासिक सत्संग**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में चल रहे 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के तहत मंगलवार को दैनिक सत्संग हुआ। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि संसार की ओर ध्यान देने के बजाय संसार बनाने वाले परमात्मा की ओर ध्यान देना चाहिए। परमात्मा को केवल भक्त की सच्ची भक्ति और प्रीत चाहिए।






आचार्यश्री ने कहा कि भक्त के जीवन में भी संकट आते हैं, लेकिन परमात्मा के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति उसे संकटों से उबारने का मार्ग दिखाती है। मनुष्य की जैसी भावना होती है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। परमात्मा के साथ अपने संबंधों को जो समझ लेता है, वही सच्चा भक्त बन जाता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा से प्रीत के लिए मन में करुणा का भाव जरूरी है। प्रीत के बिना परमात्मा का साक्षात्कार संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि जीवन में सभी सुख-सुविधाएं होने के बावजूद भक्ति नहीं है तो जीवन नीरस हो जाता है। जैसे भोजन का स्वाद नमक से आता है, वैसे ही जीवन का आनंद भक्ति से आता है। परमात्मा निराकार भी है और साकार भी, इसलिए इस पर विवाद करने के बजाय भक्ति और विश्वास को महत्व देना चाहिए।

इससे पूर्व संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन किया। श्रद्धालुओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। प्रवचन के बाद आचार्यश्री की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल हुए। चातुर्मास के दौरान सुबह 8.30 से 9 बजे तक रामधुनी के साथ वाणीजी का पाठ, सुबह 9 से 10 बजे तक दैनिक सत्संग तथा सूर्यास्त के समय संध्या आरती हो रही है। युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल कथा भी आयोजित की जा रही है।



QUICK BITES

## मांडलगढ़ विधायक खंडेलवाल ने किए लाखों रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यो के लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंगलवार को नगर में लाखों रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यो के लोकार्पण किए। विधायक खण्डेलवाल ने पीएम श्री राजकीय महाराणा स्कूल एवं मॉडल स्कूल में लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित टीन शेड व अन्य विकास कार्यो के लोकार्पण किए। विधायक खंडेलवाल ने इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के विकास कार्यो के लिए दृढ़ संकल्पित है । विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों में छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए धन की कमी नही आने दी जायेगी। विधायक खंडेलवाल ने 17 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित टिन शेड का लोकार्पण किया वहीं विद्यालय में दस कमरें ओर बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर,पूर्व नगर अध्यक्ष अर्जुन ब्रमभट्ट, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य,पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी,पूर्व पार्षद अनिता सुराणा,पूर्व पार्षद लादूलाल खटीक,सयोंजक अनिल पारीक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह शक्तावत द्वारा किया गया। इसी प्रकार मॉडल स्कूल में विधायक खंडेलवाल द्वारा डीएमटीफंड से निर्मित टिन शेड का लोकार्पण कर छात्रों को समर्पित किया। संस्था प्रधान राजेन्द्र सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार राजस्थानी पगड़ी बंधवाकर किया गया।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत काछोला में निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विद्यार्थियों ने पूरे नगर में रैली निकालते हुए लोगों को हर घर तिरंगा फहराने एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। देशभक्ति नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सोनिया स्वर्णकार के मार्गदर्शन में आयोजित तिरंगा यात्रा में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान अभिषेक माहेश्वरी, राजकुमारी छीपा, अंजली टेपण एवं अब्दुल हफीज चौहान सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

प्रधानाचार्य सोनिया स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता दिवस के महत्व की जानकारी दी। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया।




# तिरंगे की शान में निकली रैली, देशभक्ति के नारों से गूंजा फुलियाकलां

**भीलवाड़ा फोकस @ फुलियाकलां।**

**मूलचन्द पेसवानी**




श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थी देशभक्ति के नारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे तो पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।

रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्य हरक चंद रेगर, उपप्रधानाचार्य अजय कुमार चौबे, व्याख्याता नीरज राजवानी, वरिष्ठ अध्यापक महेश पाराशर, विकास कुमावत, अभय कुमार चौबे एवं गणेश नारायण मीणा ने किया।

रैली में विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। तिरंगे के साथ अनुशासित ढंग से निकली रैली को देखकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह नजर आया। लोगों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रैली के दौरान विद्यार्थियों में खासा जोश और उत्साह देखने को मिला।

# हुणाखेड़ा में सावर पुलिस और माइनिंग विभाग की बड़ी कार्रवाई, 80 टन अवैध बजरी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** थाना क्षेत्र की आमली ग्राम पंचायत के हुणाखेड़ा में सोमवार शाम अवैध बजरी के स्टॉक के खिलाफ सावर पुलिस और माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर अलग-अलग स्थानों पर किए गए करीब 80 टन अवैध बजरी के स्टॉक को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान कथित रूप से बजरी माफियाओं की ओर से टीम का विरोध किया गया। वहीं कुछ महिलाओं द्वारा लीजधारक की जेसीबी के आगे लेटकर कार्रवाई रोकने का प्रयास करने की बात भी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार रॉयल्टी कर्मचारियों को हुणाखेड़ा क्षेत्र में चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से बजरी का स्टॉक किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद सावर थाना पुलिस एवं माइनिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। टीम ने विद्यालय के पीछे सहित चारागाह भूमि पर अलग-अलग स्थानों पर किए गए बजरी के स्टॉक की जांच की।

कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब 80 टन अवैध बजरी जब्त की। जब्त बजरी को लीजधारक के देवमड नाके पर भिजवाया गया।



### रॉयल्टी कर्मचारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

थानाप्रभारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि लीजधारक की सूचना पर हुणाखेड़ा क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं स्टॉक के खिलाफ माइनिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्रवाई की गई। चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर जगह-जगह बजरी का अवैध स्टॉक कर चोरी-छिपे बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी।

कार्रवाई के दौरान हुए विरोध को लेकर कंपनी के कर्मचारी एवं रॉयल्टी कर्मचारी श्रवण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अवैध खनन सहित अन्य धाराओं में 10 से 12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। साथ ही विरोध में शामिल लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**ओबीसी सूची में 'घांची' और 'तेली' प्रविष्टियों को एक करने की मांग, उपनामों को भी शामिल करने की उठी आवाज**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की जिला इकाई भीलवाड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में दर्ज 'घांची' तथा 'तेली, हम्माल' की अलग-अलग प्रविष्टियों को एकीकृत करने और तेली समाज में प्रचलित उपनामों को स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीस) सूची में क्रम संख्या 17 पर 'घांची' तथा क्रम संख्या 18 पर 'तेली, हम्माल' अंकित है। महासभा का कहना है कि सामाजिक, सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं व्यावसायिक दृष्टि से घांची और तेली समाज एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। दोनों प्रविष्टियों के अलग-अलग होने तथा समाज में प्रचलित उपनामों का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने, छात्रवृत्ति, सरकारी नौकरियों एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में विद्यार्थियों और युवाओं को प्रशासनिक स्तर पर भ्रम व परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने मांग की कि राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अधिसूचना में आवश्यक संशोधन कर क्रम संख्या 17 'घांची' तथा क्रम संख्या 18 'तेली, हम्माल' को एकीकृत कर एक ही प्रविष्टि बनाई जाए। साथ ही तेली समाज में प्रचलित राठौड़, मोदी, भाटी एवं साहू जैसे उपनामों को तेली जाति की प्रविष्टि के अंतर्गत स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए, ताकि उपनाम के कारण पात्र लोगों को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

महासभा ने ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि संशोधित अधिसूचना में जाति एवं उपनामों की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए, जिससे प्रमाण-पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और ई-मित्र केंद्रों पर किसी प्रकार का संशय नहीं रहे तथा पात्र नागरिकों को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के शैक्षणिक, रोजगार एवं अन्य संवैधानिक लाभ सुगमता से मिल सकें।

महासभा ने जिला कलेक्टर से ज्ञापन को उचित माध्यम से राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई करवाने का आग्रह किया। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि यह मांग समाज के विद्यार्थियों, युवाओं और पात्र नागरिकों के हित से जुड़ी है और इसके समाधान से लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक अस्पष्टता दूर हो सकेगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महासभा संरक्षक टी.सी. चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू, हरीबक्ष गुलांणिया, श्रवण लाल साहू, सुखलाल साहू, देवराज तेली, एडवोकेट कुशल साहू, गोपाल तेली, प्रहलाद राय तेली, मुकेश तेली, एडवोकेट प्रताप तेली, भगवती लाल दिया, भेरूलाल तेली, रामचन्द्र साहू सहित महासभा का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा।

## छह दिन बाद धरना स्थल पर पहुंचे अधिकारी, पांच दिन में निष्पक्ष कार्रवाई का दिया भरोसा



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**

सावर नगरपालिका भवन के बाहर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्गेश प्रजापत सहित ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। धरना शुरू होने के छह दिन बाद प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और दुर्गेश प्रजापत सहित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को उनकी मांगों पर उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया। धरना स्थल पर सावर उपखंड अधिकारी सुरेश बलाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मील, तहसीलदार अविनाश चौधरी, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मीना सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने धरने पर बैठे दुर्गेश प्रजापत सहित ग्रामीणों से उनकी मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान ग्रामीणों ने नगरपालिका की दुकानों को खाली करवाकर नियमानुसार बोली लगाकर किराये पर देने, नगरपालिका की भूमि पर ग्रेवल सड़क बनाकर काटी गई कॉलोनी की जांच करवाने, नगरपालिका भवन में लगी आग की जांच करवाने तथा गौशाला के नाम दर्ज भूमि का वास्तविक रकबा एवं स्थिति स्पष्ट करवाने सहित विभिन्न मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि इन मामलों में लंबे समय से कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें अनिश्चितकालीन धरने पर बैठना पड़ा है।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद उपखंड अधिकारी सुरेश बलाई ने पांच दिवस में निष्पक्ष कार्रवाई करवाने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने को लेकर मंगलवार को बड़लियास क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों व गौ भक्तो के द्वारा राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । निवृतमान पंचायत समिति सदस्य भंवर गूर्जर ने बताया कि गौ माता संपूर्ण भारत में पूजनीय है, इसी संबंध में मंगलवार को बड़लियास, सुठेपा, आमा, गेंदलिया, रेणवास, उदलियास, जीवाखेड़ा, दोवनी, आकोला, सुरास पंचायत के ग्रामीणों व गौ भक्तो के द्वारा गौ माता को संकल्प यज्ञ करते हुए हुए, राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने को लेकर बड़लियास उप तहसील कार्यालय पर नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा कर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग की, इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व गौ भक्त मौजूद रहे ।।

# सेन समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का पंजीयन 15 अगस्त तक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सेन समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर समाजबंधुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। सम्मेलन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से सेन समाज के युवक-युवतियां भाग लेकर अपने जीवनसाथी की तलाश करेंगे। सम्मेलन के लिए पंजीयन प्रक्रिया 15 अगस्त शनिवार तक जारी रहेगी।

नारायणी सेना जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण सेन बांकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक सेन समाज के युवक-युवतियों के पंजीयन के लिए सांगानेरी गेट स्थित पेट्रोल पंप के पास कार्यालय पर सेन बंधुओं द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। समाज के अधिक से अधिक युवक-युवतियों से समय पर पंजीयन करवाने की अपील की गई है।

नारायणी सेना जहाजपुर तहसील अध्यक्ष भरत सेन शक्करगढ़ ने बताया कि 18 अगस्त मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नगर निगम के टाउन हॉल में सेन समाज के बैनर तले युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में समाज के युवक-युवतियों को एक-दूसरे से परिचित होने का अवसर मिलेगा।




आयोजकों ने बताया कि परिचय सम्मेलन के बाद देवउठनी एकादशी के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दोनों आयोजनों को लेकर सेन समाज में उत्साह का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक समाजबंधुओं से सम्मेलन में सहभागिता करने तथा पात्र युवक-युवतियों का समय पर पंजीयन करवाने की अपील की है।

# चांदगढ़ में अज्ञात जंगली जानवर का हमला, बछड़े को बनाया शिकार

## बाड़े में बंधे बछड़े पर रात में हमला, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**

क्षेत्र के चांदगढ़ गांव के पास सोमवार रात को बनास नदी किनारे एक खेत पर बने बाड़े में बंधे एक गाय के बछड़े पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को सूचना दी।जानकारी के अनुसार चांदगढ़ गांव में बनास नदी किनारे मथुरा लाल बेरवा के खेत पर बाड़ा बना हुआ है इस बाड़े में बंधे बछड़े पर देर रात को अज्ञात जानवर ने हमला किया। पुलिस ने वन विभाग की टीम को सूचना दी जिस पर वन विभाग कें कमलेश कुमार ओर टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। दूसरी तरफ ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में एक दिन पहले रविवार को भी नदी किनारे एक खेत पर बाड़े में बंधी 16 भेड़ों पर अज्ञात जानवर के हमले में मौत हो गई थी । ओर वापस सोमवार को एक घटना हो गई हे ।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों बड़लियास क्षेत्र के भवानीपुरा गांव में भी जंगली जानवर देखा गया था तब से ही जानवरों पर हमले होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हे ओर इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में जंगली जानवर की गतिविधियों का पता लगाने में जुटी है।

### इनका कहना है

क्षेत्र में मंगलवार को एक बार फिर से अज्ञात जानवर द्वारा बछड़े पर हमला करने की सूचना मिली हे । ऐसे में किसी हिंसक जानवर द्वारा हमले की आशंका हे। विभाग द्वारा शीघ्र ही पिंजरा लगा कर जानवर को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**कमलेश कुमार**
**वन विभाग, कोटड़ी**

# धर्मस्थल से पर्यावरण संरक्षण का संदेश, गोगा कुई के बालाजी मंदिर में रोपे कल्पवृक्ष के पौधे

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

पर्यावरण संरक्षण को जनजागरण से जोड़ने की अनूठी पहल के तहत मंगलवार को धार्मिक स्थल पर पौधरोपण किया गया। तहनाल गेट के बाहर स्थित गोगा कुई के बालाजी मंदिर परिसर में मानस मर्मज्ञ पं. रघुनाथ प्रसाद वैष्णव ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कल्पवृक्ष के जोड़े का पौधरोपण किया।

पौधरोपण के दौरान धार्मिक वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान चालीसा का वाचन भी किया गया। पं. वैष्णव ने कहा कि धार्मिक स्थलों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर लोगों में



प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पेड़-पौधों के संरक्षण की भावना को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में जीवन का आधार माने गए हैं।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी विद्याव्रत, रावला घाट मंदिर की पुजारी मुन्ना बाई, विमला देवी एवं देबीलाल बैरवा मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

धार्मिक स्थल परिसर में हुए इस पौधरोपण से श्रद्धा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लोगों तक पहुंचा। आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि प्रत्येक धार्मिक स्थल पर पौधरोपण और उनके संरक्षण को अभियान का रूप दिया जाए तो पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को व्यापक जनभागीदारी मिल सकती है।

# पंथ-परंपरा की नहीं होगी दीवार, सभी के लिए बहेगी ज्ञान की गंगा : आचार्य पुलकसागर

## स्वाधीनता दिवस से 15 अगस्त को शुरू होगा ज्ञान गंगा महोत्सव, चित्रकूटधाम में 30 अगस्त तक होंगे आयोजन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भीलवाड़ा में पहली बार आयोजित चातुर्मास के तहत 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव की शुरुआत 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस पर राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ होगी। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा।

आचार्य पुलकसागर महाराज ने मंगलवार को सूर्यमहल में धर्म संदेश देते हुए कहा कि व्यक्ति, समाज और धर्म से भी बड़ा राष्ट्र है। ज्ञान गंगा महोत्सव सर्व समाज के लिए होगा, इसमें किसी पंथ या संप्रदाय की दीवार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सद्व्यवहार, संस्कार और मानवीय मूल्यों के माध्यम से भारत को महान बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन 24 घंटे में से एक घंटा आत्मचिंतन और ज्ञान के लिए देने का आह्वान किया।

**रोज सुबह प्रवचन, शाम को आनंद यात्रा**

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में चातुर्मास की धर्म साधना जारी है। प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक गुरु दर्शन एवं धर्म संदेश और शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा व आरती का आयोजन हो रहा है।

समिति संयोजक मनीष शाह ने बताया कि चित्रकूटधाम में होने वाले ज्ञान गंगा महोत्सव की तैयारियां जारी हैं। 15 अगस्त को राष्ट्रभक्ति से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 16 से 30 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। 19 अगस्त को मोक्ष सप्तमी और 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर विशेष आयोजन किए जाएंगे।

समिति के सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि महोत्सव में भीलवाड़ा सहित राजस्थान और देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंगलवार को सूर्यमहल में दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का लाभ वत्सल ठग परिवार ने प्राप्त किया।

# त्रिवेणी संगम से कांवड़ के जल से रुपाहेली के शिवालयों का किया जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के रुपाहेली गांव के शिवालयों पर मंगलवार को त्रिवेणी संगम से कावड़ में लेकर जल से जलाभिषेक किया गया, इस दौरान भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला, रूपाहेली पहुंचने पर ग्रामीण कांवड़ियों का फूल बरसा कर स्वागत किया । शिव भक्त ओम प्रकाश जाट ने बताया कि मंगलवार अल सुबह 4:15 बजे त्रिवेणी संगम से 28 कांवड़िए कावड़ में जल लेकर डीजे के साथ पैदल




रवाना हुए, जो बिगोद, कुड़ी, सवाईपुर, ढ़ेलाणा, बनकाखेड़ा, चावंडिया होते हुए रूपाहेली पहुंचे, इस दौरान कांवड़िए बम-बम भोले, हर-हर महादेव, उमापति महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारों का जयघोष करते हुए चले । कावड़ के जल से रूपाहेली गांव के सभी शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए अंत में दोपहर 2 बजे मेंन बाजार स्थित भोलेनाथ मंदिर पर पहुंचें, जहां त्रिवेणी संगम से कावड़ में लेकर आए जल से भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया गया, वही प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई ।।

## QUICK BITES

### बारिश की बेरुखी, पीला मोजेक और सूअरों का आतंक

#### शाहपुरा में दोहरी मार से किसान परेशान, मूंग-उड़द में 50 से 60' नुकसान का दावा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचंद पेसवानी**

तहसील में खरीफ सीजन के दौरान किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। बारिश की कमी और अंतराल से फसलों की बढ़वार प्रभावित है, वहीं मूंग-उड़द की फसल पीला मोजेक रोग की चपेट में है। किसानों का दावा है कि कई क्षेत्रों में 50 से 60 प्रतिशत तक फसल प्रभावित हो चुकी है।

वहीं बची हुई मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंगफली सहित अन्य फसलों में जंगली सूअरों के झुंड नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रतापपुरा क्षेत्र में भी किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जीव दया सेवा समिति ने प्रशासन और कृषि विभाग से गांव-गांव सर्वे कराकर फसल खराबी का आकलन करने, बीमा कंपनियों को रिपोर्ट भेजने और पात्र किसानों को राहत दिलाने की मांग की है। किसानों ने जंगली सूअरों से फसल बचाने के लिए वन विभाग के सहयोग से प्रभावी व्यवस्था की भी मांग की।

किसानों का कहना है कि समय रहते सर्वे और राहत नहीं मिली तो खरीफ सीजन का नुकसान उनकी आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ेगा।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारियां तेज, अमृत भारती मैदान में गूंज रही कदमताल

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



उपखंड मुख्यालय आसींद में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। समारोह के मुख्य आयोजन स्थल अमृत भारती पब्लिक स्कूल मैदान में उपखंड स्तरीय तैयारियों के तहत परेड, पीटी (PT) और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास (रिहर्सल) शुरू हो गया है।

परेड और पीटी का सघन अभ्यास

मैदान में क्षेत्र के सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। ड्रम और बैंड की धुन पर स्कूली छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट करते हुए कदमताल मिला रहे हैं। इसके साथ ही शारीरिक व्यायाम (पीटी), सामूहिक ड्रिल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लगातार अभ्यास कराया जा रहा है ताकि मुख्य समारोह के दिन शानदार प्रस्तुतियां दी जा सकें।

अभ्यास सत्र के दौरान वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक चन्द्र प्रकाश राव , शारीरिक शिक्षक बरकतुल्लाह ,दिनेश शर्मा सहित अन्य शारीरिक शिक्षक ग्राउंड पर उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को परेड के नियम, अनुशासन और सही तालमेल का प्रशिक्षण दे रहे हैं। मैदान में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा है और पूरा माहौल देशभक्ति के रंगों में रंगा हुआ नजर आ रहा है।

### रेड़वास में कुएं में गिरे राष्ट्रीय पक्षी मोर का किया रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के रेडवास गांव में कुएं में गिरे एक राष्ट्रीय पक्षी मोर का ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम को सूचना दी । समाजसेवी महावीर जाट ने बताया कि रेडवास में मंगलवार को सांवरमल जाट के कुएं में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर गिर गया, जिसकी सूचना कोटडी वन विभाग को दी गई, जिस पर कार्यवाहक वनपाल कमलेश रैगर मौके पर पहुंचे एवं युवा साथियों के सहयोग से कुएं में उतरकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को सुरक्षित बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार कर जंगल में छोड़ दिया । इन दौरान अरविंद गर्ग सांवर जाट आदि कई मौजूद रहे ।।

### हरिद्वार से 800 किमी गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्त अशुल तिवाड़ी का ग्रामीणों ने किया स्वागत, दो मंदिरों में किया जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।**



सावन के पावन अवसर पर शिवभक्ति की अनूठी मिसाल पेश करते हुए स्थानीय शिवभक्त अशुल तिवाड़ी हरिद्वार से गंगाजल लेकर करीब 800 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर गुरलां पहुंचे। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने डीजे व मंदसौरे ढोल की थाप के साथ भव्य स्वागत किया।

गुरलां पहुंचने के बाद अशुल तिवाड़ी ने हरिद्वार से लाए गंगाजल से सदाशिव महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद टिला का खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विराजमान महादेव का भी गंगाजल से अभिषेक किया।

शिवभक्त के पहुंचते ही ग्रामीणों ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने माला पहनाकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।